भा.वा.अ.शि.प. - वन उत्पादकता संस्थान, राँची

(भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून)

दिनांक: 19.06.2024

केन्द्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, पिस्का नगड़ी, राँची द्वारा आयोजित 60वां स्थापना दिवस में सहभागिता

भावाअशिप - वन उत्पादकता संस्थान, रांची, के निदेशक डॉ.अमित पाण्डेय के नेतृत्व तथा प्रभारी अधिकारी (विस्तार), श्रीमती रूबी सुसाना कुजूर के मार्गदर्शन में वन उत्पादकता संस्थान के एक दल, श्री रवि शंकर प्रसाद, मुख्य तकनीकी अधिकारी; श्री बिनोद राम, तकनीकी सहायक; श्री आनंद किशोर एवं श्री विजय दास, एम.टी.एस. ने केन्द्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, राँची द्वारा दिनांक 19.06.2024 को आयोजित 60वां स्थापना दिवस में भाग लिया। आवंटित प्रदर्शनी स्टॉल में संस्थान की अनुसंधान विस्तार गतिविधियों से संबंधित पोस्टर और विभिन्न बांस की प्रजातियों की प्रदर्शनी लगायी गयी। मेले में बांस पौधशाला तकनीक, बांस रोपण तकनीक, बांस परिचय एवं उपयोग, टिशू कल्चर द्वारा बांस तैयार करने की तकनीक, लाह उत्पादन की तकनीक के पोस्टरों को प्रदर्शित किया गया। इसके अलावा कृषकों के बीच पठन सामग्री के रुप में निशुल्क पम्पलेट और लीफलेट का वितरण भी किया गया। विभिन्न प्रकार के औषधीय पौधों, लाह तथा बांस के सम्बन्ध में जानकारी दी गई ।

केन्द्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के स्थापना दिवस के मुख्य अतिथि, पूर्व सांसद, केंद्रीय मंत्री, एवं लोक सभा उपाध्यक्ष, पद्म भूषण माननीय श्री कड़िया मुंडा, स्थानीय अधिकारियों के अलावा, निदेशक, केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान और अन्य प्रमुख संस्थानों के अधिकारियों एवं विशिष्ट अतिथियों ने स्टॉल का भ्रमण किया। इस दौरान संस्थान के दल ने संस्थान द्वारा किये जा रहे शोध कार्यो एवं अन्य क्रियाकलापों से मुख्य अतिथि एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों को अवगत कराया। संस्थान द्वारा बांस के उत्पादन और उपयोगिता के संबंध में जानकारी दी गई तथा किसानों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए गए। श्री कड़िया मुंडा ने संस्थान के द्वारा किए जा रहे क्रियाकलापों की सराहना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रभारी अधिकारी (विस्तार), वन-वर्धन एवं प्रबंधन के श्री रवि शंकर प्रसाद एवं विस्तार प्रभाग के श्री बिनोद राम, श्री आनंद किशोर और श्री विजय दास ने सराहनीय योगदान दिया।

रांची-गुमला NH-23, लालगुटवा, रांची
835 303 (झारखंड)